

# मौसमी फेरबदल के चलते 5 डिग्री गिरा दिन का पारा

## दो दिन कहीं-कहीं छाएगा कोहरा, सप्ताहांत तक फिर बारिश के आसार

नवभारत न्यूज

**सतना 28 जनवरी. उत्री पहाड़ों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर विंध्य तक पहुंचने पर मंगलवार-बुधवार की दरमिशनी रात हल्की बारिश देखने को मिली. वहीं मौसम के बदले मिजाज के चलते दिन के पारे 5 डिग्री की गिरावट दर्ज कर ली गई. मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक कहीं कहीं कोहरा और सप्ताहांत तक एक बार फिर से बारिश का क्रम शुरु हो सकता है.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को





शहर में दिन का अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इस लिहाज से देखा जाए तो दिन का अधिकतम तापमान में एक ओर जहां महज 24 घंटे के भीतर ही 5.1 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज कर ली गई. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में भी 2.1 डिग्री नीचे पहुंच गया. हलांकि इसके ठीक उलटे न्यूनतम तापमान में इजाफा देखने को मिला. न्यूनतम तापमान में जहां 24 घंटे के भीतर 2.8 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में 6.7 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया. इसके साथ ही मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 2.9 मिमी वर्षा भी दर्ज की गई. हवा में बढ़ी हुई नमी की वजह से धंध का असर शुरु हो गया. जिसके चलते दृश्यता 500 से लेकर 1000 मीटर के बीच रह गई. दिन भर बादलों की चहलकदमी के साथ-साथ तेज गति से हवाएं चलती रहीं. जिसके चलते लोगों के बीच सर्दी का एहसास कई गुना अधिक बढ़ गया.

### विंध्य होगा प्रभावित

मौसम विभाग के अनुसार सतना सहित विंध्य क्षेत्र में अगले दो दिनों तक कोहरे का असर जारी रह सकता है. नतीजतन कहीं कहीं पर देर रात से लेकर सुबह के समय दृश्यता बुरी तरह प्रभावित होने की घटनाएं सामने आ सकती हैं. इसी कड़ी में मौसम विभाग द्वारा संभावना जताई गई कि नए पश्चिमी विक्षोभ का असर 31 तक राज्य के उत्तरी हिस्से को प्रभावित करने लगेगा. जिसके बाद यह क्रम विंध्य क्षेत्र में भी बारिश के रुप में देखने को मिलेगा.

# पिता-पुत्र को मिली 5 साल की सजा

## पांच साल बाद आया फैसला

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. न्यायालय सत्र न्यायाधीश, सतना द्वारा हत्या के प्रयत्न का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी पिता उमाशंकर शर्मा पिता रामाधार शर्मा उम्र 80 वर्ष एवं उनके पुत्र अनिल शर्मा उम्र 45 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जमुआनी धारकुण्डी को धारा 307 के लिए 05 वर्ष के सश्रम करावास और कुल 17000? के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।**

अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक रमेश मिश्रा ने बताया कि अनिल शर्मा और उमाशंकर शर्मा नामक दोनो व्यक्तियों ने जान से मार डालने की इच्छा से धारदार टांगी से मारपीट कर चोट पहुंचाई। डायल 100 वाहन के आने पर आहतगण उसमें बैठकर मझगवां अस्पताल उपचार कराने गए। फरियादी माया शर्मा की सूचना पर थाना धारकुण्डी के सहायक उपनिरीक्षक आर.एन. रावत ने एम.एल.सी. कराई गई। जिसके आधार पर थाना धारकुण्डी में धारा 294, 323, 307, 34 भा.दं.सं. की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई। आहतगण तथा साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए। अभियुक्त अनिल शर्मा एवं उमाशंकर शर्मा से पूछतांछ कर उनके मेमोरण्डम कथन लेखबद्ध किए गए। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य साक्षियों और तर्क से आरोपियों के विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाया गया। जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा उक्त दंडादेश पारित किया गया।



# माउथ ऑर्गन मीट का आयोजन 31 को

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. राष्ट्रीय स्तर का माउथ ऑर्गन मीट का आयोजन सतना माउथ ऑर्गन ग्रुप द्वारा दिनांक 31 जनवरी एवं 1फरवरी को सतना नदी स्थित होटल रिवर व्यू, में किया जा रहा है।**

यह आयोजन सतना शहर के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि यह आयोजन सतना के इतिहास में पहली बार सतना में हो रहा है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रसिद्ध माउथ ऑर्गन संगीतकार अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगे माउथ ऑर्गन ग्रुप के अध्यक्ष बसंत शर्मा ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सतना शहर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना तथा युवाओं और संगीत प्रेमियों को माउथ ऑर्गन जैसे सरल एवं स्वास्थ्यवर्धक वाद्य यंत्र के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि माउथ ऑर्गन बजाना एक उत्तम श्वसन व्यायाम है, जिससे फेफड़े एवं हृदय स्वस्थ रहते हैं और यह संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है. सचिव आकाश बनर्जी ने जानकारी आगे बताया दो दिवसीय इस संगीत समारोह में देश के अनेक ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इनमें जम्मू से जगजीत सिंह इस्सर, कोलकाता से सुहास मित्रा एवं स्वरूप मित्रा (रानीगंज) चंडीगढ़ से प्रीतम चंदेल, लखनऊ से संजय अग्रवाल एवं श्रीमती नर्मदा सुद, भोपाल से श्री श्रीमन शुक्ला जी (आईएएस) तथा इंदौर से डॉ. राघुवन सहित अनेक प्रसिद्ध माउथ ऑर्गन कलाकार कार्यक्रम मे पधार रहे है आयोजकों ने सतना के सभी संगीत प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दुर्लभ एवं मधुर संगीत आयोजन का आनंद लें.


# मंडल अध्यक्ष का युवती को बुरी तरह पीटने का वीडियो वायरल

## घायल मां-बेटी का अस्पताल में हुआ उपचार, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

**सतना 28 जनवरी. जिले के नागौद क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध सामने आए गंभीर आरोपों ने जिला सहित राज्य स्तर पर खलबली मचा कर रख दी. मंडल अध्यक्ष द्वारा एक युवती के साथ बेरहमी से की गई मारपीट का वीडियो वाइरल होने और घायल मां-बेटी द्वारा शिकायत किए जाने के बाद किसी तरह हरकत में आई पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना शुरु कर दी. वहीं संगठन द्वारा पत्र जारी करते हुए इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है.**

नागौद क्षेत्र के निवासी मां और बेटी द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन के विरुद्ध गंभीर मारपीट व प्रताड़ना के आरोप लगाए गए. नागौद पुलिस से की गई शिकायत के अनुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन के यहां काम करने वाले आर के नामदेव ने मंगलवार की देर रात युवती को फोन लगाया. इसी दौरान नामदेव ने फोन पुलकित को थमा दिया. पुलकित ने फोन पर युवती से कहा कि




पार्लर के लिए कस्टमर आए हुए हैं, लिहाजा वह यहां पर आकर उनसे मिल ले. यह युनकर युवती ने पहले मना किया लेकिन फिर कुछ सोचकर आने के लिए हां कह दिया. कुछ देर बाद जब युवती भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन के ट्रेडिंग फर्म के गोदाम के बाहर पहुंची तो कर्मचारी नामदेव वहां पहुंच गया और कहा कि कस्टमर अंदर है, वहीं जाकर बात कर लें. युवती जब गोदाम के अंदर पहुंची तो पुलकित वहां पर बैठकर शराब पीते नजर आए. यह देख जब युवती वापस जाने लगी तो पुलकित ने उसका हाथ पकड़ कर नीचे गिरा दिया, और गालियां देते हुए जोर जोर से थप्पड़ मारने लगे. युवती के चीखने की आवाज सुनकर कर्मचारी नामदेव के साथ-साथ युवती की मांग और भाई भी वहां पहुंच गए. अंदर का माहौल देख युवती के भाई ने अपना मोबाइल निकाल लिया और वीडियो बनाने लगा. लेकिन यह हरकत पुलकित को इतनी नागवार गुजरी कि उसने मोबाइल छीनते हुए पटक कर तोड़ दिया. बताया गया कि पुलकित द्वारा मां-बेटी के साथ गाली-गलौच और मारपीट करते हुए वहां से भगा दिया गया. संभव तः इस दौरान पुलकित का ध्यान गोदाम में लगे उस सीसीटीवी कैमरे की ओर नहीं गया, जिसमें घटना रिकार्ड हो चुकी थी. घटना से बुरी तरह प्रताड़ित मां बेटी ने बुधवार की सुबह जब थाने में शिकायत करने का प्रयास शुरु किया तो रसूखदार के कुछ समर्थकों ने उन्हें ऐसा करने से रोकते हुए समझौता करने का दबवा बनाना शुरु कर दिया. लेकिन कुछ देर बाद ही जब गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज का वीडियो सोशल मीडिया में

### भाजपा ने जारी किया नोटिस

नागौद मंडल अध्यक्ष के मारपीट का मामला सामने आते ही भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई मेंमामले को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है. महासचिव रमाकांत गौतम ने नोटिस जारी कर मंडल अध्यक्ष से एक सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है.

### एमएलसी में नजर आईं चोटें

मंडल अध्यक्ष पुलकित द्वारा मारपीट किए जाने से घायल मां-बेटी का अस्पताल में उपचार हुआ. जहां पर की गई जांच में उनके शरीर पर चोटें स्पष्ट नजर आ रही थीं. जिसे देखते हुए नागौद पुलिस द्वारा पुलकित के विरुद्ध धारा 296 115 351 3 और 324 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना शुरु कर दी. यह बात और है कि समाचार लिखे जाने पर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सुकी थी. इसी कड़ी में भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत गौतम द्वारा पत्र जारी करते हुए मंडल अध्यक्ष नागौद से स्पष्टीकरण मांग लिया गया.

# गणतंत्र दिवस पर 64 देहदानियों का साक्षी बन भरहुत

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. सतना जिले का गांव भरहुत 64 देहदान दाताओं का साक्षी बन गया। किसी ने राष्ट्रहित खातिर पतिए पत्नी व पिता के साथ तो किसी ने बेटी के साथ अपने देह का दान कर मानवता की मिशाल कायम की।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल विकास समिति बिहटा व विनीत विक्रम बौद्ध संस्थान भरहुत के संयुक्त आयोजकत्व में हुए कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा महाविद्यालप सतना के प्रधानाध्यापक ने अलग.अलग बिन्दुओं में अंशदान से देहदान तक विषय में अपनी बात रखी गणतन्त्र दिवस अवसर पर आयोजित श्देहदान संकल्प सभा के मुख्य अतिथि जिला पंचापत के अध्यक्ष




रामखेलावन कोल रहे जबकि अध्यक्षता चिकित्सा महाविद्यालय सतना के डीन डी एम0पी0 गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय दण्डाधिकाटी सोमेश द्विवेदीए पद्मश्री बाबूलाल दाहिया सी एमएचओ.डा मनोज शुक्ला सिविल सर्जन डा अमर रहे। सभा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामखेलावन कोल में अपने उद्बोधन में कहा कि मानवता की सेवा और सार्थक जीवन के उद्देश्य को लेकर किया गया देहदान इस क्षेत्र के लिए एक इतिहास बनाकर जा रहा है। अध्यक्षता कर रहे डीन डो एमपी गर्ग ने कहा कि 10 छात्रो के बीच एक देह लगती है। आज जो भरहुत में हुआ वह चिकित्सा विज्ञान के लिए वरदान साबित होगा। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बताया कि उनके परिवार के चार लोगों ने देहदान पूर्व के समय में कर चुके हैं। सी.एम एचओ डो शुक्ला ने रक्त दान पर जोर दिया तो एसडीएम श्री द्विवेदी ने जन्म के समय प्लेसेन्टा रिजर्व या प्रकाश डाला. चिकित्सकों ने इन विषयों पर अपना पक्ष रखा मानव शटीर के दान दिए जाने वाले अंगों की जानकारी अंगदान और देहदान किये जाने या भ्रांतियां और फायदे व्यसन से शरीर के अंगों पर पड़ने वाले प्रभाव स्वस्थ्य जीवन की दिनचर्या, सामान्य बीमारियों व उनके सुलभ उपचारण्जिन प्राध्यपकों ने अपना विषय रखा उनमें डॉए एल. चीन निहेए हृदय होग विशेषज्ञ डॉ पंकज चौरसिया शरीर विज्ञान अनुराग जैन शत्य चिकित्सा डॉ विक्रम सिंह जनरल मेडिमिन शामिल रहे स्वागत उद्बोधन सरदार बल्लम भाई पटेल विकास समिति के अध्पक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानूश्जानश् ने दिया । तीरथ प्रसार कुशवाहा अध्यत विनीत विक्रम बौद्ध संस्थानए भरहुत ने देहदान दाताओं का अतिथियों से परिचय कराया । आभार सरदार परेल समिति के सचिव ईश्वरदीन पटेल ने किया.

### नियमों पर पुनर्विचार की मांग, सभी वर्गों से संवाद जरूरी : आशीष

**सतना, 28 जनवरी.** । ब्राह्मण चेतना परिषद के प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष तिवारी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रस्तावित नए नियमों पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में नियम लागू करने से पहले सभी वर्गों के सुझावए संतुलित दृष्टिकोण और व्यापक संवाद बेहद जरूरी हैं। श्री तिवारी ने कहा यदि नियमों पर समय रहते पुनर्विचार नहीं हुआए तो यह छात्रों और शिक्षकों में असंतोषए मानसिक दबाव और सुरक्षा की चिंता बढ़ा सकता है।

## एक नजर में



### सरस्वती केशवनगर में वार्षिकोत्सव

**सतना.** सरस्वती उ. मा. वि. केशवनगर धवारी का शारीरिक एवं सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव राकेश समदरिया (सहायक कर आयुक्त, सतना) के मुख्य आतिथ्य व श्रीयुत श्रीकृष्ण माहेश्वरी (पूर्व क्षेत्र संघ चालक, रा. स्वयं सेवक संघ) की अध्यक्षीय आसंदी में हर्षोल्लास के सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजीव व्यास, डॉ. अशोक भौमिक, इंजीनियर बलराम गुप्ता, सत्यम केशरवानी, डॉ. योगेश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, पुनीत माहेश्वरी, एस. के. राव, के. एन. शुक्ला, सम्पत्त धूत, राजीव व्यास, डॉ. घनश्याम सोनी, प्रभात सिंह, अंजना विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### अग्रवाल समाज का नि :शुल्क नेत्र शिविर

**सतना,** अग्रवाल समाज एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा नि :शुल्क नेत्र



शिविर 28 जनवरी बुधवार को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में अमृत वाटिका में प्रातः 9:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:00 बजे तक चला। शिविर का शुभांरभ महाराजा अग्रसेन जी एवं स्वामी रणछोड़ दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर घनश्याम गोयल, नरेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, चाचा मोहनलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद अग्रवाल, गोरखनाथ अग्रवाल, मनीष गोयल, राघव गोयल, चाचा हामिद खान, वरुण भट्टाचार्य, सुखेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### विश्व में शांति का चिंतन सनातन धर्म में : अमित कनकने

**सतना।** प्रेम नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन मुख्य अतिथि इंजी रमेश जैन ने कहा कि सनातन को खत्म करने का हमेशा से प्रयास किया गया, हमे गलत पढाया गया हमारे सूरवीर मुगल थे ऐसा नहीं है असली योद्धा लो हमारे स्वतंत्रता सेनानी आदिवासी वीर थे जिहोंने देश की आजादी में अपने प्राण न्योधावर कर सनातन और देश रक्षा की । ?मंचासीन संत अश्विनी गर्ग ने हिंदू का शब्दिक व्याख्या करते हुये कि कहा जो चन्द्रमा की भांति हमे शितलता एवं प्रकाश बांटे उसे हिंदू कहते है हमारा वैदिक शास्त्र भी यही बताता है ना कोई छोटा ना कोई बड़ा होता है सबमें समान ईश्वर का अंश विद्यमान है जिससे सभी मे समानता का भाव उत्पन्न होता है।कार्यक्रम में मातृशक्ति से श्रीमती अर्चना सिंह( विभाग कार्य वाहिका राष्ट्र सेविका समिति) ने कहा भारत में स्त्री पुरुष में समानता होने के वाद भी स्त्री पूज्य रही है स्त्री के द्वारा ही संस्कार प्रदान किया जाता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पंच परिवर्तन की ब्याख्या करते हुये जल जंगल जमीन को बचाना पर्यावरण का संरक्षण करना प्लास्टिक का उपयोग ना करना घर कार्य में लगे सेवको का सम्मान करना और सप्ताह में एक दिन एक साथ पूरे कुटुम्ब का भोजन करना भजन भोजन भ्रमण भूषा अपना हो और स्वदेशी वस्तुओ का प्रयोग करना कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमित कनकने ( विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ)ने कहा कि पूरे देश में पूर्व से पश्चिम तक नगर मोहल्ले बस्ती सह : हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है .

# उत्कृष्ट विद्यालय वेंकट-1 में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव

## गरिमामय आयोजन में वार्षिक पत्रिका 'इड़ा' का हुआ विमोचन

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. शासकीय उत्कृष्ट उ मा वि वेंकट 1 में वार्षिकोत्सव एवं विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'इड़ा' के विमोचन का भव्य और गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षा, संस्कृति और छात्र-प्रतिभा के सम्मान का सजीव उत्सव बनकर उभरा।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम सतना के महापौर योगेश ताम्रकार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध ही सशक्त नागरिक का निर्माण करता है। उन्होंने विद्यालय की दीर्घ शैक्षिक परंपरा की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष मिश्रा डिप्टी कलेक्टर ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के



सर्वांगीण विकास का आधार हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधांशु द्विवेदी, सहायक संचालक एवं एडीपीसी, रमसा सतना तथा आयुषी अग्रवाल, सहायक संचालक शिक्षा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड सोहावल उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, अनुशासित वातावरण और रचनात्मक गतिविधियों की प्रशंसा की।

### रचनात्मक अभिव्यक्तियां संकलित

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'इड़ा' का विमोचन हुआ। पत्रिका में विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ, शैक्षिक गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ संकलित हैं, जो विद्यालय की बौद्धिक चेतना का दर्पण हैं। कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। खेलकूद एवं अन्य विधाओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# अजित पवार के असमय निधन से मन अत्यंत व्यथित

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. एनसीपी युवा के राष्ट्रीय सचिव व मध्य प्रदेश के प्रदेश समन्वयक धीरज मिश्रा सीलोन ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप मुख्य मंत्री महाराष्ट सुप्रीमो अजित पवार के असमय निधन से मन अत्यंत दु:खी और आहत है।**

यह क्षति न केवल संगठन के लिए, बल्कि सार्वजनिक जीवन और समाज के लिए भी अपूरणीय है। उन्होंने कहा कि मुझे



उनके साथ व मार्गदर्शन में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे में अपने जीवन का एक अमूल्य अनुभव मानता हूँ। उनके व्यक्तित्व में दृढ़ता, निर्णयों में स्पष्टता और कार्य के प्रति अद्भुत समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहा। केवल एक प्रभावशाली नेता ही नहीं थे, बल्कि जमीन से जुड़े, संवेदनशील और कार्य इंसान भी थे। उनका मार्गदर्शन, उनका स्नेह और हम सभी पर किया गया विश्वास सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा और हमें उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

सदैव उनके लक्ष्य और सपने को पुरा करने के लिए संकल्पित है, धीरज मिश्रा सीलोन ने कहा इस अपार दु:ख की घड़ी में मेरी और राष्ट्रवादी युवा काँग्रेस मध्य प्रदेश की गहरी संवेदनाएँ उनके परिवारजनों, सहयोगियों एवं समस्त शुभचिंतकों के साथ हैं।

### सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन सतना से गुजरेगी

**सतना, 28 जनवरी।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्द्येश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04115/04116 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सूबेदारगंज के मध्य स्पेशल फेयर पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

# अग्रवाल युवा महासभा में ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश अग्रवाल युवा महासभा सतना के द्वारा ध्वजारोहण किया गया जिसमें अजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में युवा महासभा के संरक्षक संजय अग्रवाल जिला अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल कोषाध्यक्ष संजय बंसल जी मार्गदर्शक घनश्याम अग्रवाल, पवन अग्रवाल समाजसेवी प्रदीप समदरिया राम मोहन ,निशांत अग्रवाल मुकेश अग्रवाल उत्तम अग्रवाल संजय बंसल दाल मिल अविनाश अग्रवाल श्रेयश अग्रवाल वरुण अग्रवाल कृष्ण मोहन राम मोहन सिंह अन्य सदस्य महासभा के उपस्थित रहे ।

# एकेएस में संविधान की भावना और सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 जनवरी. देश के 77वें गणतंत्र दिवस ( 26 जनवरी 2026 ) के अवसर पर ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना में राष्ट्रभक्ति,अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया।**

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय श्री बी.पी.सोनी जी के शुभकामना संदेश को सभी के लिए वाचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. बी. ए. चोपड़े द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। उन्होंने परेड की सलामी पी ली। राष्ट्रध्वज फहराते ही राष्ट्रगान की गूंज से समूचा परिसर देशप्रेम से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी, प्रतिकुलपति डॉ. हर्षवर्धन, प्रो. आर. एस. त्रिपाठी, डीन अकादमिक डॉ. शेखर मिश्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ महेंद्र कुमार तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी बृजेंद्र कुमार सोनी, कैप्टन रावेंद्र सिंह परिहार,स्पोर्ट्स ऑफिसर सुनील पांडे सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी



संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. बी. ए. चोपड़े ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ और देश एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न गणराज्य बना। इसी ऐतिहासिक स्मृति में हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने तथा मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प दोहराने का अवसर है। कुलपति ने कहा कि 2026 में मनाया जा रहा 77वां गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक यात्रा की निरंतरता और सुदृढ़ता का प्रतीक है। आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में बढ़ते भारत में युवाओं की भूमिका निर्णायक है—वे संविधान के आदर्शों को व्यवहार में उतारें.

### संस्कृत प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत भाषा में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। श्लोक-पाठ और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत, संविधान और राष्ट्रप्रेम का प्रभावी संदेश दिया गया, जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा।